**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.03.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. सांसद बिष्णु पद रे ने आज संसद में अंडमान निकोबार द्वीप समूह में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की मांग उठाई। उन्होंने संसद में डिम्ड यूनिवर्सिटी की योजना को रद्द करने का आग्रह किया।

2. लिटिल अंडमान को डिजिटल और पर्यटन मंच पर पहचान दिलाने के लिए पर्यटन निदेशालय द्वारा तीन दिवसीय परिचय यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह समन्वित विकास लिमिटेड के वार्षिक भंडार एवं परिसम्पत्ति सत्यापन के चलते पूरे द्वीप समूह में 31 मार्च को सभी पेट्रोलियम इकाइयां बन्द रहेंगी।

4. अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0 का आयोजन 11 और 12 अप्रैल को नेताजी स्टेडियम में किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने संसद के शून्य काल में द्वीपवासियों की ओर से अंडमान निकोबार द्वीप समूह में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग को जोर शोर से उठाया। सांसद ने केंद्र सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि द्वीपों में प्रस्तावित "डिम्ड यूनिवर्सिटी" की योजना को रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस प्रस्ताव का द्वीपवासियों द्वारा प्रबल विरोध किया गया है। सांसद बिष्णु पदा रे ने कहा कि द्वीप समूह में एक पूर्ण केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि द्वीपों में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण शैक्षिक क्षेत्र में ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम होगा, जिससे स्थानीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा, शोध, कौशल विकास और पेशेवर शिक्षा के अवसर व्यापक रूप से खुलेंगे। सांसद ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक अलगाव और लंबे समय से चली आ रही शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक द्वीपों में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित नहीं होता, तब तक अंडमान एवं निकोबार की सभी कॉलेजों की पांडिचेरी विश्वविद्यालय से संबद्धता जारी रखी जानी चाहिए।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय ने पंजीकृत ट्रैवल एजेंटों एवं टूर ऑपरेटरों से लिटिल अंडमान द्वीप के लिए आयोजित किए जा रहे परिचय यात्रा–फेम टूर में भाग लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह टूर लिटिल अंडमान को उभरते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने तथा वहां के प्रमुख आकर्षणों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य आकर्षक टूर पैकेज विकसित करने और डिजिटल व ट्रैवल प्लेटफॉर्म पर गंतव्य की पहचान बढ़ाना है। यह तीन दिवसीय फेम टूर 29 से 31 मार्च तक आयोजित होगा। पहले चरण में अधिकतम 30 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। पर्यटन निदेशालय केवल आने–जाने के फेरी टिकट की व्यवस्था करेगा, जबकि आवास, भोजन एवं स्थानीय व्यवस्थाओं सहित अन्य सभी खर्च प्रतिभागियों को स्वयं वहन करने होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी 27 मार्च तक अपने आवेदन पर्यटन निदेशालय के पास जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और उन्हें उद्योग–उन्मुख तकनीकी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत नई पहल की जा रही है। संस्थान द्वारा शीघ्र ही मैनुअल आर्क वेल्डिंग/शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उनकी नौकरी के लिए तैयारी को मजबूत करना तथा स्वरोजगार और औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अंतर्गत मैनुअल मेटल आर्क वेल्डिंग/शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग के प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को 25 मार्च को सुबह दस बजे संस्थान परिसर में आयोजित साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह समन्वित विकास निगम लिमिटेड (ANIDCO) ने 31 मार्च को स्टॉक और परिसम्पत्तियों के वार्षिक सत्यापन के कारण अपनी सभी आई एम एफ एल तथा पी ओ एल इकाइयों को बंद रखने की घोषणा की है। अनिडको की ओर से जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई है।

<><><><><><><>

प्रशासन के पर्यावरण एवं वन विभाग के अंतर्गत मध्योत्तर अंडमान जिले में ‘मजदूर’ (ग्रुप ‘सी’) के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय, मध्य अंडमान द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से की जा रही है। इसके अंतर्गत कुल एक सौ छियानबे पदों को भरा जाएगा। इनमें विभिन्न वन प्रभागों—बराटांग, डिगलीपुर, मायाबंदर तथा मध्य अंडमान—में रिक्तियां शामिल हैं। रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और नियुक्ति के समय इसमें परिवर्तन हो सकता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई है। शारीरिक परीक्षण की तिथियां बाद में घोषित की जाएंगी। अभ्यर्थियों को आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही ई–भर्ती पोर्टल, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के माध्यम से करना होगा। पदों से संबंधित विस्तृत जानकारी, शैक्षणिक योग्यता, पात्रता मानदंड एवं अन्य निर्देश विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम 2.0, प्रशासनिक कारणों से अब 11 और 12 अप्रैल को नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह कार्यक्रम 28 और 29 मार्च को आयोजित होने वाला था। इस टूर्नामेंट का आयोजन प्रशासन के शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा मामलों के विभाग द्वारा अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से किया जा रहा है। यह द्वीपों में सबसे बड़े और प्रतीक्षित शतरंज टूर्नामेंटों में से एक है और इसे फ्लडलाइट्स के तहत आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है और इसमें कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। हालांकि, सभी प्रतिभागियों के लिए वर्ष 2025–26 के लिए AICF पंजीकरण अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 मार्च है।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय, की ओर से द्वीपों के स्थानीय युवाओं के लिए विभिन्न कौशल विकास ट्रेडों में तीन महीने का निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 13 अप्रैल से 12 जुलाई तक विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और वैध स्थानीय प्रमाणपत्र धारक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, रंगत द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आंगनवाड़ी–सह–क्रेच कार्यकर्ताओं के पदों के लिए साक्षात्कार की तिथियों की घोषणा की गई है। रंगत क्षेत्र के लिए 25 मार्च सुबह दस बजे प्रमुख पंचायत समिति कार्यालय, और मायाबंदर के लिए 27 मार्च पंचायत समिति प्रमुख के कार्यालय, में ली जाएगी। उम्मीदवारों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों और समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर जारी की गई है।

<><><><><><><>